विधान परिषद के द्वितीय सत्र–2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–13 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कुल कितने शिक्षक, कर्मचारी दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 31 मार्च, 2023 के मध्य सेवाकाल में दिवंगत हुए हैं? | जनपद उन्नाव के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/कर्मचारियों के सापेक्ष कुल 08 शिक्षणेत्तर कर्मचारी दिनांक 01 जनवरी, 2022 से 31 मार्च, 2023 के मध्य दिवंगत हुए हैं। |
| (ख) इनका विवरण क्या है तथा इनके आश्रितों को पेंशन बीमा व मृतक आश्रित नियुक्ति आदि का लाभ अद्यतन प्रदान करा दिया गया है? | जनपद उन्नाव में संचालित अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 01–01–2022 से 31–03–2023 के मध्य कुल 08 कर्मचारी सेवाकाल में दिवंगत हुए हैं, जिसके सापेक्ष 07 आश्रितों को पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कर दी गयी है तथा शेष 01 की पारिवारिक पेंशन का प्रकरण विद्यालय से अप्राप्त है।<br>03 आश्रितों को जी0पी0एफ0 स्वीकृत कर दिया गया है तथा शेष 05 एन0पी0एस0 से आच्छादित हैं। 03 बीमा प्रकरण, बीमा निदेशालय को अग्रसारित कर दिया गया है तथा 04 बीमा प्रकरण संस्था से अप्राप्त हैं एवं 01 प्रकरण में आपत्ति विद्यमान है।<br>इसी क्रम में 03 आश्रितों को मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित किया जा चुका है तथा 04 प्रकरणों में सम्बन्धित आश्रित का आवेदन अप्राप्त है एवं 01 प्रकरण में सेवायोजित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। विवरण संलग्न है। |
| (ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है तथा उक्त लाभ सम्बंधितों को कब तक प्रदान करा दिया जायेगा? | उक्तानुसार। 01 पारिवारिक पेंशन प्रकरण विद्यालय से अप्राप्त होने के कारण, 03 बीमा प्रकरण बीमा निदेशालय से स्वीकृति हेतु प्रेषित हैं, 01 बीमा प्रकरण में आपत्ति होने के कारण, शेष 04 बीमा प्रकरण संस्था से अप्राप्त हैं। इसी प्रकार 04 मृतक आश्रित के सेवायोजन हेतु सम्बन्धित द्वारा आवेदन अप्राप्त होने के कारण एवं 01 प्रकरण में सेवायोजित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है।<br>उपरोक्त लम्बित शेष प्रकरणों पर विद्यालय/आश्रितों से आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी। |

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।

जनपद उन्नाव के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कुल शिक्षक/कर्मचारियों के सापेक्ष दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 31 मार्च, 2023 के मध्य सेवाकाल में दिवंगत हुए शिक्षक/कर्मचारियों का विवरण।

| क्र0 सं0 | शिक्षक/कर्मचारी का नाम/ पदनाम | विद्यालय का नाम | मृत्यु दिनांक | पेंशन भुगतान की स्थिति | जी0पी0एफ0 भुगतान की स्थिति | बीमा भुगतान की स्थिति | मृतक आश्रित के रूप सेवायोजन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व0 विनीत सिंह च0श्रे0 कर्मचारी | गाँधी मिशन एच0एम0 के0डी0 इण्टर कालेज, मोहान उन्नाव | 10.02.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | एन0पी0एस0 से आच्छादित | बीमा कार्यालय, प्रयागराज को प्रेषित | मृतक आश्रित के रूप में पत्नी श्रीमती राधा, सेवायोजित |
| 2 | स्व0 संतोष कुमार, च0श्रे0 कर्मचारी | पं0 शिवराज वली राम शंकर इण्टर कालेज, सुमेरपुर उन्नाव | 10.03.2022 | पेंशन प्रकरण विद्यालय द्वारा अप्राप्त | एन0पी0एस0 से आच्छादित | बीमा कार्यालय, प्रयागराज को प्रेषित | मृतक आश्रित के रूप में पत्नी श्रीमती अर्चना सेवायोजित |
| 3 | स्व0 तेज नारायण भारती, च0श्रे0 कर्मचारी | बी0के0एच0आर0 इण्टर कालेज, मौरांवा उन्नाव | 15.06.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | जी0पी0एफ0 भुगतान हो गया । | आपत्ति | मृतक आश्रित सेवा योजन हेतु आवेदन अद्यतन अप्राप्त |
| 4 | स्व0 सर्वेश कुमार, च0श्रे0 कर्मचारी | श्री कमलापति इण्टर कालेज, बीधापुर उन्नाव | 30.08.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | जी0पी0एफ0 भुगतान हो गया । | बीमा कार्यालय, प्रयागराज को प्रेषित | मृतक आश्रित सेवा योजन हेतु आवेदन अद्यतन अप्राप्त |
| 5 | स्व0 सर्वेश कुमार दीक्षित, च0श्रे0 कर्मचारी | डी0सी0के0एम0 इण्टर कालेज, गंजमुरादाबाद उन्नाव | 18.10.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | एन0पी0एस0 से आच्छादित | विद्यालय से अप्राप्त | मृतक आश्रित सेवा योजन हेतु आवेदन अद्यतन अप्राप्त |
| 6 | स्व0 महेन्द्र कुमार तिवारी, च0श्रे0 कर्मचारी | शिवजी इण्टर कालेज, बंथर उन्नाव | 28.10.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | जी0पी0एफ0 भुगतान हो गया । | विद्यालय से अप्राप्त | कतिपय आपत्तियों का निराकरण कर प्रकरण विद्यालय द्वारा दिनांक 30.06.2023 को जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव कार्यालय में प्राप्त कराया गया है जिस पर कार्यवाही गतिमान है। |
| 7 | स्व0 सुभाष चन्द्र अवस्थी, सहायक लिपिक | जनता शिक्षा निकेतन उ0मा0 वि0 रउकरना उन्नाव | 19.11.2022 | पारिवारिक पेंशन स्वीकृत | एन0पी0एस0 से आच्छादित | विद्यालय से अप्राप्त | मृतक आश्रित के रूप में पत्नी श्रीमती अन्जु अवस्थी सेवायोजित |
| 8 | स्व0 जगतपाल, च0श्रे0 कर्मचारी | महात्मा गाँधी इण्टर कालेज, सफीपुर उन्नाव | 24.02.2023 | पारिवारिक पेशन स्वीकृत | एन0पी0एस0 से आच्छादित | विद्यालय से अप्राप्त | मृतक आश्रित सेवा योजन हेतु आवेदन अद्यतन अप्राप्त |

——